# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 11 अगस्त 2025


तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री



उद्यमिता को अपनाकर आगे बढ़े साहू समाज : चंद्राकर 11



सामान्य सभा की बैठक में बोरझरा गातापार मार्ग की जांच के निर्देश 12




कम्पटेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc
BCA
B.Com प्लेन एवं कम्प्यूटर्स
PGDCA
DCA
सीमित सीटें
सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
शासकीय छात्रवृत्ति प्राप्त करें
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें प्रातः 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082


## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की मासिक बैठक 13 को

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 13 अगस्त बुधवार को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। सदस्यों से उपस्थिति की अपील अध्यक्ष भगवानीराम शांडिल्य ने की है।

### दुगली में हैंडबाल प्रतियोगिता आज

**नगरी।** शालेय खेल अंतर्गत विकासखंड स्तरीय हैंडबॉल चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यायाम शिक्षक थॉमस पॉल, विकासखंड खेल प्रभारी खेमराज साहू, व्यायाम शिक्षक ख़ोमन सहारे, अशोक गजबल्ला, धनेन्द्र सोरी, कमलेश साहू, केशव जलक्षत्री, लक्ष्मी ध्रुव उपस्थित थे। चयन प्रतियोगिता में शाउमावि दुगली, माध्यमिक शाला दिनकरपुर, शाउमावि केरेगांव के लगभग 70 खिलाड़ी शामिल हुए। खेल कौशल के आधार पर विकासखंड नगरी के बालक व बालिका अंडर 14, 17, 19 का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी आज 11 अगस्त को शाउमावि दुगली में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता में नगरी विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। विकासखंड शिक्षाधिकारी केआर साहू, बीआरसी प्रकाशचंद्र साहू एवं खेल संयोजक प्राचार्य ललित सोम ने सभी खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी।

वर्ष 2011 से 23 प्रकरण पेंडिंग, कई लोगों का एड्रेस गलत होने से नोटिस तामिल नहीं

# रजिस्ट्री शुल्क पटाने में गड़बड़ी वसूली में छूटे अधिकारियों के पसीने

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सालों से रजिस्ट्री शुल्क दबाकर बैठे लोगों से वसूली अधिकारियों के लिए मुसीबत बन गई है। इन लोगों ने जमीन तो लाखों की खरीदी, लेकिन रजिस्ट्री के दौरान मूल्य कम बताकर रजिस्ट्री शुल्क काफी कम पटाया था। जांच में पुष्टि होने के बाद रिकवरी आदेश जारी हुआ है। लेकिन अधिकांश लोग शुल्क पटाने सामने ही नहीं आ रहे हैं। कई का तो एड्रेस ही गलत है, जिससे नोटिस तामिल ही नहीं हुआ है।

हर साल जमीन की खरीदी बिक्री के लिए गाइडलाइन तैयार की जाती है। इस गाइडलाइन में जिले के हर क्षेत्र में जमीन की खरीदी बिक्री के लिए जमीन का न्यूनतम मूल्य निर्धारित रहता है। रजिस्ट्री के दौरान इसी मूल्य के आधार पर शुल्क चार्ज किया जाता है, लेकिन खरीदी बिक्री के दौरान लोग शुल्क चोरी से बाज नहीं आते हैं। ऐसे ही कई मामलों में क्रेता विक्रेता ने गाइडलाइन से कम मूल्य बताकर जमीन की रजिस्ट्री करवाई है। जांच के बाद इन क्रेता को रजिस्ट्री शुल्क की अंतर राशि जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। अधिकांश मामलों में राशि जमा करने के लिए लोग सामने ही नहीं आ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2010-11 से लेकर वर्ष 2018-19 तक बड़ी संख्या में ऐसे प्रकरण दर्ज हुए हैं। इनमें कुछ मामलों ही राशि जमा हुई है। इस माह भी दो प्रकरण में 11 लाख 57 हजार 296 रुपए की रिकवरी हुई है, लेकिन अभी 23 प्रकरण पेंडिंग हैं, जिसमें 33 लाख 72 हजार 882 रुपए की रिकवरी बाकी है। इन लोगों को रिकवरी के लिए कई बार नोटिस दिया जा चुका है, लेकिन अंतर की राशि पटाने के लिए वे सामने नहीं आ रहे हैं। इनमें से कई लोग ने तो पता ही गलत दिया है या निवास बदल चुके हैं। ऐसे में उन तक नोटिस ही नहीं पहुंच पा रहा है।




### जब जरूरत पड़ती है तब पहुंचते हैं

उल्लेखनीय है कि रजिस्ट्री की बकाया राशि पर ब्याज या सरचार्ज वसूली का प्रावधान नहीं है। जितनी राशि की गणना की जाती है, उतनी ही राशि वसूली जाती है, चाहे वह राशि कितने भी साल बाद क्यों न चुकाई जाए। इसके चलते क्रेता राशि चुकाने पर ध्यान नहीं देते हैं। जब संबंधित जमीन की फिर से खरीदी या अन्य गतिविधि होती है, जिसके लिए रजिस्ट्री के दस्तावेज की जरूरत पड़ती है, तब वे रिकवरी पटाते हैं।

### अब वसूला जाएगा ब्याज

वर्ष 2019-20 से इस प्रकार की शिकायतों के निराकरण का पैटर्न बदल दिया गया है। अब मामलों का तत्काल निराकरण किया जाता है। यही नहीं रिकवरी के मामले दर्ज करने से पहले मामले की जांच कर वसूली शुरू कर दी जाती है, जिसके चलते रिकवरी के मामले पेंडिंग नहीं हो रहे हैं। यही नहीं रिकवरी विलंब होने पर ब्याज वसूली का नियम लागू करने की तैयारी है। जानकारी के अनुसार मामला दर्ज होने के बाद से राशि जमा होने की तिथि तक का ब्याज वसूला जाएगा।

# गौवंश की तस्करी करते तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- बिरेझर पुलिस ने की कार्रवाई

गौवंश की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को बिरेझर पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया। उनके पास से सवा लाख की कीमत के 6 बछड़े और तीन लाख की कीमत की पिकअप जब्त की गई है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

बिरेझर पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग गौवंशीय मवेशियों की तस्करी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम मुरा एवं गणेशपुर रोड के मध्य दबिश देकर गौवंश की तस्करी कर रहे तीन आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ा। आरोपी अपने पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-04 पीसी-6429 में 6 बछड़ों को बिना चारा-पानी के बर्बरतापूर्वक भरकर अवैध रूप से परिवहन कर रहे थे। वाहन की कीमत 3,00,000 रुपये आंकी गई है। आरोपियों से कुल 4,25,000 रूपये का माल जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(डी) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तारी की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गौवंश की तस्करी करने वालों के विरुद्ध धमतरी पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। गिरफ्तार आरोपियों में जीवन साहू उम्र 30 वर्ष पिता नंदलाल साहू साकिन मुरा चौकी बिरेझर थाना कुरूद जिला धमतरी, द्रोण साहू उम्र 19 वर्ष पिता नरेन्द्र साहू मयंक खुटेल उम्र 19 वर्ष पिता मोहन खुटेल हैं। द्रोण और मयंक बरबसपुर थाना रानीतराई जिला दुर्ग के रहने वाले हैं।





# 48 पौवा देशी अवैध शराब के साथ पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भखारा पुलिस ने ग्राम इर्रा में 48 पौवा देशी अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम इर्रा निवासी विश्वनाथ साहू अवैध रूप से देशी शराब बेचने का कार्य कर रहा है। सूचना पर भखारा थाना की पेट्रोलिंग टीम ग्राम इर्रा पहुंची। टीम ने गवाहों के समक्ष आरोपी के घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के घर से एक सफेद रंग के थैले और एक प्लास्टिक बोरी में कुल 48 पौवा देशी प्लेन शराब (प्रत्येक 180 मिली) कुल 8.640 बल्क लीटर अनुमानित कीमत 4800 रूपये बरामद की गई। आरोपी विश्वनाथ साहू पिता स्व. लक्ष्मीनारायण साहू उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम इर्रा थाना भखारा के विरुद्ध थाना भखारा में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# पेंशनधारियों की जानकारी होगी अपडेट

- आज से ननि लगायेगा शिविर, हर वार्ड के लिए अलग-अलग तिथि में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पेंशन भुगतान आनलाइन होने से पहले सभी पेंशनधारियों का आधार, बैंक अकाउंट, मोबाइल नम्बर अपडेट किया जाना है। सभी पेंशनधारियों को जानकारी अपडेट करना जरूरी है। इसके लिए नगर निगम द्वारा आज से विभिन्न वार्डों में शिविर का आयोजन कर रहा है। यह शिविर अलग-अलग वार्डों में 20 अगस्त तक लगेगा।

सामाजिक सुरक्षा, वृद्धावस्था, सुखद सहारा, विधवा, दिव्यांग पेंशन हितग्राहियों को बैंक, पोस्ट ऑफिस से दी जाती थी। अब शासन ने सिस्टम में बदलाव करते हुए सीधे ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू की है। इस सुविधा के शुरू होने से पहले सभी हितग्राहियों की जानकारी अपडेट की जानी है जिसमें उनका आधार नम्बर, बैंक अकाउंट नम्बर और मोबाइल नम्बर अपडेट किया जायेगा। हितग्राहियों को सुविधा देते हुए नगर निगम द्वारा वार्डों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज सोमवार को पहला शिविर कांटातालाब के पास हमर क्लिनिक में लगाया जाएगा। इस शिविर में हटकेशर वार्ड, शीतलापारा, लालबगीचा, सुभाषनगर, विवेकानंद वार्ड के हितग्राही जानकारी अपडेट करवा सकेंगे। 12 अगस्त को पुरानी कृष उपज मंडी में शिविर लगेगा जिसमें सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, बठेना, सुंदरगंज, औद्योगिक, नवागांव और श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के हितग्राही शामिल होंगे। 13 अगस्त को मकेश्वर वार्ड, आमापारा वार्ड, महंत घासीदास और साल्हेवारपारा वार्ड के हितग्राहियों के लिए बनियातालाब के पास सामुदायिक भवन में, 14 अगस्त को सदर उत्तर वार्ड, ब्राह्मणपारा वार्ड, कोष्टापारा वार्ड, जालमपुर वार्ड के हितग्राहियों के लिए नंदी चौक कलामंच के पास, 18 अगस्त को विंध्यवासिनी वार्ड, महात्मागांधी वार्ड, दानीटोला, महिमा सागर, रामपुर और गोकुलपुर वार्ड के हितग्राहियों के लिए एकलव्य खेल परिसर, 19 अगस्त को सदर दक्षिण वार्ड, बांसपारा वार्ड, मराठापारा वार्ड, बनियापारा वार्ड, मोटरस्टैंड वार्ड, पोस्ट ऑफिस वार्ड, रामसागर पारा वार्ड के हितग्राहियों के लिए शाला नंबर 3 के सामने आंगनबाड़ी केंद्र में और 20 अगस्त को रिसाईपारा पूर्व, रिसाईपारा पश्चिम, नवापारा, टिकरापारा, अम्बेडकर, सोरिद, जोधापुर और डाकबंगला वार्ड के लिए म्युनिस्पिल स्कूल प्रांगण में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगेगा।

**इतवारी बाजार अपडेट : बरबट्टी, ग्वारफल्ली, गोभी 60 रुपए किलो**

# हरी सब्जियों के दाम बढ़े, जेब पर बढ़ा बोझ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बारिश का मौसम होने के बाद भी हरी सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं। रेट अधिक होने से उपभोक्ता परेशान हैं। बढ़े दाम अब जेब पर बोझ बनने लगे हैं। गरीब मध्यवर्गीय परिवार मौसमी व मनपसंद सब्जियों से दूर हो गए हैं। निवाला निगलने सस्ती सब्जियों को ढूंढकर खरीद रहे हैं।

सब्जी व्यवसायी हेमंत सोनकर, पल्टूराम सोनकर ने बताया कि बाजार में खपत के अनुपात में हरी सब्जियों की आवक कम हो गई है। इसलिए सब्जियों के रेट बढ़ हुए है। बारिश में बाड़ियों से तुड़ाई, कटाई के बाद सब्जियां नमी के चलते 24 घंटे में खराब हो रही हैं। गलन की वजह से 15 से 20 प्रतिशत सब्जियां बाहर से आते आते खराब हो जाती हैं। छंटाई के बाद चिल्हर बेचने का रेट बनाते हैं, तब यह रेट अधिक हो जाता है। बेचते समय आखिरी तक ग्राहक छंटाई करके खरीद लेते हैं। शाम को 15 से 20 प्रतिशत बची हुई सब्जियों को कम रेट में बेचना पड़ता है। इस प्रकार थोक और चिल्हर में काफी अंतर आता है।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की भीड़ रही। रेट अधिक होने से खरीदारों को मायूस होना पड़ा। विक्रेताओं ने बताया कि इस सप्ताह मेथी भाजी 150 रुपए किलो रही। खेखसी 200 रुपए किलो बिकी। प्याजभाजी, पालक भाजी, सेमी 100 रुपए किलो रही। हरा धनिया 80 से 100 रुपए किलो बिका। ढेंस, शिमला मिर्च 60 से 80 रहा। बरबट्टी, ग्वारफल्ली, गोभी, मुनगा, हरी मिर्च, कोचई 60 रुपए किलो व लालभाजी, चौलाई, चेचभाजी 40 रुपए किलो बिकी। भटा, कुंदरू, भिंडी, केला, डोड़का 40 रुपए किलो रहा। कुम्हड़ा, पत्तागोभी, मूली, टमाटर 30 रुपए किलो बिका। लौकी 20 रुपए किलो रही

किराना सामान में आलू 20, प्याज 25, शक्कर 46, गुड़ 55, हल्दी 180, धनिया 120, जीरा 260, काली मिर्च 800, लहसुन 100, रिफाइंड तेल 125, सरसो 75, मेथी 75, राहरदाल 110, मूंगदाल 100, उड़ददाल 100, मसूरदाल 85, चना 70, काबुली चना 120, मटर सफेद 60, मटर हरा 100, चनादाल 90, पोहा 45, मसूर खड़ा 80 रुपए किलो बिका। अण्डा 70 रुपए दर्जन रहा।



# वक्फ बोर्ड की टीम ने किया अंजुमन कार्यालय का निरीक्षण

- सदस्यों ने संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अंजुमन इस्लामियां कमेटी के कार्यालय का स्थानांतरण हाल ही में जामा मस्जिद परिसर से जैनब पैलेस स्थित आला हजरत मंजिल में किया गया है। शनिवार को वक्फ बोर्ड की टीम निरीक्षण के लिए पहुंची। टीम ने कार्यालय के साथ ही निर्माणाधीन कांफ्रेंस हाल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अंजुमन इस्लामियां कमेटी के मुतवल्ली शेख राजु मोबिन ने संस्था द्वारा समाजिक सरोकार के लिये जा रहे कार्यों से टीम को अवगत कराया तथा संस्था के संबंध में जानकारी दी। टीम ने निरीक्षण के बाद कमेटी के कार्यों पर संतुष्टि जताई तथा सेवा कार्यों को लेकर कमेटी की सराहना की साथ ही विश्वास दिलाया कि सामाजिक सेवा के कार्यों में छग राज्य वक्फ बोर्ड का पूरा सहयोग अंजुमन इस्लामियां कमेटी व यतीम खाना कमेटी को मिलेगा। टीम ने संस्था से समाजिक विकास के कार्यों में और तेजी लाने की अपेक्षा की। टीम ने अंजुमन संस्था की दुकानों के किरायेदारों के संबंध में भी जानकारी ली गई। टीम में राज्य वक्फ बोर्ड के सदस्य हाजी इमरान मेमन, मो. फिरोज, मो. रियाज तथा वक्फ बोर्ड के अधिकारी जावेद अख्तर, मो. इकबाल, अब्दुल रहीम शामिल थे। निरीक्षण के दौरान सदर शेख मोबिन समेत नवाब अली, सै. आसिफ अली, इकबाल बुरहान, इकबाल खोखर, असलम कुछावा, इमरान मेमन, निसार खान, हाजी मो. अख्तर गोड़, अब्दुल हकीम, मो. असलम रिजवी, हाजी बशीर अहमद, हाजी सुन्हानी, आदिल कुछावा, हाजी अमीन कुरैशी, मो. नौसाद खान, जमील अहमद, रमीज रजा, अंजुमन सेक्रेटरी सै. अफजल अली रिजवी, अवर सेक्रेटरी मो. हनीफ कुरैशी, यतीम खाना कमेटी सेक्रेटरी अजमल खान भी मौजूद रहे।



सीसीएफ, कलेक्टर, डीएफओ समेत आला अधिकारियों ने आईलैण्ड का किया था निरीक्षण

# गंगरेल बांध के टेमली आईलैण्ड के चारों ओर बनेगा पाथ-वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गंगरेल पर्यटन को विकसित करने की दिशा में जिला प्रशासन तथा वन विभाग की प्लानिंग शुरू हो गई है। गत दिनों राजधानी से पहुंचे मुख्य वन संरक्षक अरूण पांडे, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव सहित आलाधिकारियों ने टेमली आईलैण्ड का सर्वे किया। बताया जा रहा है कि टेमली आईलैण्ड को विकसित करने की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गंगरेल पर्यटन को विकसित करने प्रशासनिक स्तर पर तैयारी की जा रही है। जलाशय स्थित टेमली आईलैण्ड के चारों तरफ पाथे-वे निर्माण, टेमली बीच में आने-जाने का रास्ता, मचान का निर्माण जिसमें पर्यटक बढ़-चढ़कर यहां का प्राकृतिक नजारा ले सके तथा तट पर कॉटेज निर्माण जिसमें नाइट स्टे की सुविधा हो। इसके लिए प्रशासन स्टीमेट तैयार कर रहा है। बताया जा रहा है कि प्रस्ताव पास होने के बाद टेमली आईलैण्ड में काम शुरू होगा।

रक्षाबंधन पर्व के दूसरे दिन रविवार को गंगरेल पर्यटन सैलानियों से गुलजार रहा। मिनी गोवा में वाटर स्पोर्ट्स के लिए बड़ी संख्या में सैलानियों की भीड़ उमड़ी। राजनांदगांव से सपरिवार पहुंचे वैष्णव परिवार के ध्रुव कुमार ने बताया कि पांच साल बाद गंगरेल पर्यटन के लिए सपरिवार पहुंचे हैं। जलाशय में वाटर स्पोर्ट्स का अलग रोमांच है। उनका कहना है कि पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्यटन क्षेत्र में वाटर एटीएम की जरूरत है। मां अंगारमोती मंदिर से गंगरेल जलाशय के किनारे-किनारे वाटर स्पोर्ट्स तक पक्की सड़क का निर्माण किया जाना चाहिए।





### गंगरेल बांध में 78 फीसदी जलभराव

गंगरेल बांध के लबालब होने की खबर का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल बांध को भरने के लिए झमाझम बारिश की जरूरत है। रविवार को गंगरेल बांध में 77.83 फीसदी जलभराव का रिकार्ड दर्ज किया गया है। बांध में 26.150 टीएमसी जलभराव है। बांध को लबालब होने में अभी 6 टीएमसी पानी की आवश्यकता है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

बाबा बाहरराय प्रांगण दुगली में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया

# जल, जंगल, जमीन के मूल मालिक आदिवासी ही हैं : ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

गोंड़वाना समाज सेवा समिति उपक्षेत्र दुगली के तत्वावधान में बाबा बाहरराय प्रांगण दुगली में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाहर राय बाबा की पूजा-अर्चना के साथ बाइक रैली से हुआ। मुख्य अतिथि आरएन ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष अनु.ज.जा. शासकीय सेवक संघ छग, राष्ट्रीय सचिव गोंडवाना गोंड महासभा ने कहा कि वर्ष 2026 होने जा रही जनगणना के आधार पर होने वाले परिसीमन में आदिवासी सुरक्षित सीट नगरी सिहावा में भी प्रभाव पड़ सकता है। हमें परिसीमन आयोग को इस क्षेत्र की वस्तुस्थिति से अधिसूचना के पूर्व अवगत कराना होगा। उन्होंने कहा कि शहरों की आबादी घनी है। सुदूर अंचल आदिवासी क्षेत्र की आबादी विरल होने के कारण जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होने से आदिवासी क्षेत्र को नुकसान होगा।





इसलिए परिसीमन में पांचवीं अनुसूची क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति एवं सांस्कृतिक स्थिति को गौर करते हुए परिसीमन हो। जनजाति वर्ग की जातिवार जनगणना तो होगी, लेकिन इससे उप वर्गीकरण की भी स्थिति निर्मित हो सकती है। चूंकि समाज अभी भी मुख्य धारा में नहीं जुड़ पाया है इसलिए समाज को भारी नुकसान होने की संभावना है।

आदिवासी क्षेत्र में जमीन की खरीद बिक्री का अधिकार कलेक्टर को भी नहीं है लेकिन पेसा कानून का सही ढंग से क्रियान्वयन नहीं होने से आदिवासियों की जमीन की लूट मची हुई है। इतिहास लिखने में आदिवासी समाज के महान विभूतियों की अनदेखी हुई है। अब आदिवासी समाज के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने हमारे लेखकों को आगे आना होगा। शासकीय सेवा में आदिवासी वर्ग के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने से ही नक्सल समस्या का समाधान होगा। शिक्षा में ढाई लाख की आय सीमा निर्धारित करने से पैसों के अभाव में आदिवासी वर्ग के बहुत सारे विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। एट्रोसिटी एक्ट का प्रभावशाली क्रियान्वयन नहीं होने से समाज को समुचित न्याय नहीं मिल पा रहा है। बड़े उद्योग, व्यापार एवं अन्य प्रतिष्ठान स्थापित होने पर आदिवासियों का व्यवस्थापन पहले हो। जल, जंगल, जमीन के मूल मालिक आदिवासी ही हैं। यह बात अलग है कि अभी भी उनके पास बताने के लिए मौलिक राजस्व रिकॉर्ड नहीं है। इसलिए वन अधिकार पट्टा के मामले में पहला हक उनका बनता है। फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारियों के खिलाफ सरकार कोई कार्यवाही नहीं कर रही है जिसके कारण अभी भी धड़ल्ले से बेखौफ फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारी नौकरी कर रहे हैं। पदोन्नति में आरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम राहत के साथ छत्तीसगढ़ में बड़े-बड़े आंदोलन होने के बावजूद सरकार पदोन्नति में आरक्षण की बहाली नहीं कर रही है जिसके कारण आदिवासी समाज को भारी नुकसान हो रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों में औद्योगीकरण के नाम पर वनों की कटाई पर रोक लगाए जाए। टाइगर प्रोजेक्ट के नाम पर देश के विभिन्न राज्यों में आदिवासी बाहुल्य जिलों से आदिवासियों को बाहर किए जाने की योजना सरकार की है। नगरी क्षेत्र में भी आदिवासियों को वनों से बाहर किया जाएगा। इसलिए टाइगर प्रोजेक्ट के नाम पर आदिकाल से निवासरत आदिवासियों को वनों से बाहर न किया जाए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मायाराम नागवंशी अध्यक्ष गोंडवाना समाज सेवा समिति उपक्षेत्र दुगली ने की। विशिष्ट अतिथि शिवचरण नेताम पूर्व जिला अध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज जिला धमतरी, राजेन्द्र ध्रुव जिला सचिव छग सर्व आदिवासी समाज, संरक्षक बिच्छल सिंह मरकाम, नरसिंह मरकाम संरक्षक, पंचूराम नेताम संरक्षक, कलावती मरकाम जनपद सदस्य नगरी दुगली, रामेश्वर मरकाम सरपंच दुगली, रमेश मण्डावी सरपंच बांधा, मानकी कुंजाम सरपंच गुहारनाला, लकेश्वरी सोरी सरपंच मुनईकेरा, राधिका नेताम सरपंच कोलियारी, कार्यक्रम संचालक बुधराम नेताम, चिंताराम तुमरेटी, अर्जुन मरकाम, मुकेश मंडावी अध्यक्ष युवा प्रभाग, श्रीमती राजकुमारी सोरी अध्यक्ष महिला प्रभाग सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## भड़सिवना में विश्व आदिवासी दिवस पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम भड़सिवना में विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अपने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार आदिवासी इष्ट देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर समृद्धि, सुख-शांति एवं गांव के विकास की कामना की। पूजा के दौरान ढोल, मांदर एवं पारंपरिक गीत-संगीत की गूंज से पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा।



कार्यक्रम में सरपंच नीलकुमार सूर्यवंशी, सामाजिक कार्यकर्ता धनसाय नागवंशी, हिरेन्द्र कुंजाम, रामाधार कोड़ोपी, दयाराम नेताम, श्रवण कुंजाम सहित अन्य मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर आदिवासी समाज की गौरवशाली परंपराओं, संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अपने उद्बोधन में सरपंच ने आदिवासी समाज के इतिहास, संघर्ष और योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से अपनी संस्कृति एवं परंपराओं को संरक्षित रखने की अपील की। मौके पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसमें बच्चों और युवाओं ने पारंपरिक नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। पूरे आयोजन के दौरान आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकजुटता बढ़ती है और आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा मिलती है।

## खाद के लिए सोसाइटी का चक्कर काट रहे किसान

**नगरी।** ग्राम कसपुर की सोसाइटी तथा इससे जुड़े कई गांवों के किसान इस समय खाद की कमी से परेशान हैं। बरबांधा, घुरावड़ के किसानों का कहना है कि सोसाइटी में खाद का स्टॉक उपलब्ध न होने के कारण उन्हें बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहा है। 10 किमी का सफर कर सोसाइटी जाने के बाद कई बार खाली हाथ लौट चुके हैं। मजबूरी में कई लोग निजी दुकानों से अधिक दाम देकर खाद खरीद रहे हैं, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं हुई, तो फसलों की बुआई और विकास पर असर पड़ सकता है। किसान ताराचंद कोर्राम, राधेलाल सोनी, भुनेश्वर कोर्राम, जयसिंह, कुंवर सिंह, महेश, देवलाल, विराज सिंह, पवन, संतराम, धनसार, पीलाराम, जीवनलाल, कार्तिकराम, देवसिंह, राजकुमार, विजय, संतोष सहित अन्य किसानों ने संबंधित विभाग से खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है।

## महिला पार्षदों ने नपं अध्यक्ष उपाध्यक्ष व पार्षदों को राखी बांधी

■ तिलक कर उतारी आरती, मिठाई खिलाकर त्योहार की खुशियां साझा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत नगरी के कार्यालय में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर महिला पार्षदों ने नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षदों को राखी बांधकर उनके सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना की। समारोह के दौरान पूरे परिसर में भाईचारे, स्नेह और सौहार्द्र का वातावरण देखने को मिला। महिला पार्षदों ने पारंपरिक विधि से तिलक कर रक्षासूत्र बांधा और मिठाई खिलाकर त्योहार की खुशियां साझा की।



अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, सभापति शंकरदेव, पार्षद देवचरण ध्रुव, राजा पवार ने सभी बहनों को उपहार स्वरूप साड़ी और मिठाई भेंट की और कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का पर्व नहीं, बल्कि समाज में समरसता और विश्वास का प्रतीक है। महिलाएं हमारी शक्ति हैं और उनके सम्मान व सुरक्षा के लिए हम सदैव प्रतिबद्ध हैं। पार्षद मिकी गुप्ता, डगेश्वरी साहू ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का पर्व नहीं बल्कि समाज में आपसी प्रेम और सहयोग का प्रतीक है और आज जनप्रतिनिधि भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर हमने नगर में और तेज गति से विकास करने हेतु उनका हौसला बढ़ाया है। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों व स्थानीय नागरिकों ने भी भाग लिया।

प्रयोग समाजसेवी संस्था ने दोना-पत्तल बनाने की मशीन वितरित की

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकास खण्ड के ग्राम गट्टासिली में प्रयोग समाजसेवी संस्था तिल्दा रायपुर द्वारा पर्यावरण अनुकूल आजीविका को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई। संस्था ने जय मां लक्ष्मी स्वसहायता समूह कुम्ड़हीनपारा गट्टासिल्ली में देशी पत्ते से दोना और पत्तल निर्माण के लिए मशीन वितरित की।



संस्था के सचिव अरुण कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को पर्यावरण अनुकूल आजीविका के अवसर प्रदान करना और प्लास्टिक पत्तल के उपयोग को कम करना है। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी, बल्कि महिलाओं को भी आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकेगा। संस्था की दस्तावेज समन्वयक दीपिका धुरंधर ने कहा कि इस मशीन के वितरण से जय मां लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की महिलाओं की आय में वृद्धि होगी और वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकेंगी। इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद मिलेगी। इस अवसर पर जय मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह अध्यक्ष शिवरात्रि, सचिव रामेश्वरी और समूह की 17 सदस्य उपस्थित थी। संस्था द्वारा मशीन को ऑपरेट करने और बाजार तक पहुंचने के लिए ट्रेनिंग भी दी गई। जिला समन्वयक लक्ष्मी नेताम ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मशीन के वितरण से समूह की महिलाओं को नए अवसर मिलेंगे और वे अपने जीवन को बेहतर बना सकेंगी।

## छात्राध्यापकों ने राखी बनाकर प्रदर्शनी के लिए लगाया स्टाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

■ राखी बनाओ प्रतियोगिता में छाया रही प्रथम

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में डाइट नगरी के प्राचार्य प्रकाशराय के निर्देश एवं कार्यक्रम प्रभारी जोहन नेताम के मार्गदर्शन पर नई शिक्षा नीति 2020 के तहत राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अतिथि डाइट प्राचार्य एवं राजेश तिवारी प्र. प्राचार्य हाईस्कूल खलारी एवं संकाय सदस्यों का स्वागत किया गया। द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक छाया देवांगन ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। डाइट नगरी के प्रार्थना कक्ष में राजेश तिवारी प्र. प्राचार्य हाईस्कूल खल्लारी ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा का ध्वज सहिता, बांधने के नियम की ट्रेनिंग दी। कार्यक्रम के द्वितीय कालखंड में रक्षाबंधन त्योहार पर व्याख्यान माला और राखी बनाओ प्रतियोगिता हुई। एक घंटे में सभी छात्राध्यापक ने सुन्दर राखी बनाकर प्रदर्शन के लिए डाइट परिसर में स्टाल लगाया। इस स्टाल का सभी संकाय सदय एवं डाइट नगरी के कर्मचारियों ने अवलोकन किया। राखी बनाओ प्रतियोगिता में डाइट नगरी के द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक छाया भंडारी प्रथम, स्थन मिला, द्वितीय भूमिका पाले, तृतीय स्थान पर उर्मिला चक्रधारी रही। भरत साहू, परमेश्वर वर्मा, चंचल साहू, तुलेन्द्र साहू, रेशमा साहू ने रक्षाबंधन त्योहार पर अपने विचार रखे।



निर्णायक की भूमिका निधि कोर्रम, रामेश्वरी साहू, पीताम्बर वर्मा एवं भरत साहू ने किया। डाइट नगरी के प्राचार्य प्रकाश राय ने पुरातन काल से चली आ रहे भाई-बहन के प्रेम और पवित्रता पर सारगर्भित मार्गदर्शन दिया। डाइट नगरी के सहायक प्राध्यापक डीके साहू ने रक्षाबंधन त्यौहार पर पौराणिक काल से मनाने की परम्परा को सहेजकर रखने की बात कही। कार्यक्रम में डाइट नगरी के संकाय सदस्य नरेंद्र देवांगन, ईश्वरी ध्रुव, अरविन्द सार्वा, वेदप्रकाश साहू, खिरभन कश्यप, उमेश्वरी ध्रुव, चिंता सोम समेत डाइट नगरी के द्वितीय वर्ष के सभी छात्राध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालनछात्राध्यापक पीतांबर वर्मा

## बच्चों के शैक्षणिक विकास में पालकों की अहम भूमिका

**नगरी।** शाउमावि सिहावा में पालक शिक्षक बैठक हुई। नोडल अधिकारी तहसीलदार शिवेन्द्र सिन्हा ने कहा कि बच्चों के शैक्षणिक विकास में पालकों की अहम भूमिका होती है। बच्चों की बुनियाद को सही रखने के लिए नींव मजबूत बनानी होगी। पालकों ने सुझाव रखा कि शिक्षक और पालक बच्चों पर ध्यान दें तो सर्वांगीण विकास हो सकता है। मौके पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य हलधर, प्राचार्य एसआर साहू, उपसरपंच सुनील सिहसार, मुकेश यादव, लोकेश्वर पटेल, नल सेन, गैंदलाल शांडिल्य, पालकगण व शिक्षकगण मौजूद रहे।

पुरानी परंपरा एवं रीति-रिवाज के साथ मना रक्षाबंधन पर्व, ग्रामीण क्षेत्र में दिखा विशेष उत्साह

# रक्षाबंधन पर भाइयों की कलाई पर सजा बहनों का स्नेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

अंवरी सहित अंचल के ग्राम भैंसबोड़, कुम्हारी, जोरातराई, कोलियारी, भखारा, भठेली, सिंगदेही, भेंडसर, सिर्वे, सेमरा, सुपेला, सिलघट, बगौद, बंगोली, राखी, खपरी, कुर्रा में पुरानी परंपरा और रीति-रिवाज के साथ भाई बहनों ने राखी का त्योहार मनाया और भाई की कलाई में बहनों ने रक्षासूत्र बांधा।

गीतांजलि साहू, संतोषी साहू, ओमिन साहू, धानी साहू ने बताया कि भारतीय धर्म संस्कृति के अनुसार रक्षाबन्धन का त्योहार श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्योहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है। इस दिन बहन अपने भाई के मस्तक पर टीका लगाकर हाथों में रक्षा का बंधन बांधती है, जिसे राखी कहते हैं। सावन में मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी या सलूनो भी कहते हैं। रक्षाबन्धन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्त्व है।



राखी कच्चे सूत जैसे सस्ती वस्तु से लेकर रंगीन कलावे, रेशमी धागे जैसे महंगी भी होती है। रक्षाबंधन भाई बहन के रिश्ते का प्रसिद्ध त्योहार है। रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहने भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती है। राखी सामान्यतः बहनें भाई को ही बांधती हैं। रक्षाबंधन के दिन भाई अपने बहन को राखी के बदले कुछ उपहार देते हैं। रक्षाबंधन एक ऐसा त्योहार है जो भाई बहन के प्यार को और मजबूत बनाता है। इस त्योहार के दिन सभी परिवार एक हो जाते हैं और राखी, उपहार और मिठाई देकर अपना प्यार साझा करते हैं। थानेश्वर साहू, ईश्वर साहू, हेमंत साहू, केशव साहू, मुकेश साहू, गुलशन साहू ने अपनी बहनों से राखी बंधवाकर उपहार दिया और हमेशा उनकी रक्षा करने का वचन दिया।

## अंचल की खबरें

### जैतपुरी में धूमधाम से आदिवासी दिवस मना



**नगरी।** ग्राम जैतपुरी में इस वर्ष भी विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। आदिशक्ति बूढ़ा देव के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना की गई। समाजजन पारंपरिक वेशभूषा और रेला पाटा के साथ गांव की गलियों का भ्रमण करते हुए शीतला मंदिर प्रांगण पहुंचे। इस अवसर पर सरपंच डोमार सिंह नेताम ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह पर्व समाज की एकता, अखंडता और भाईचारे के भाव को बनाए रखता है। मौके पर धांधूराम नेताम उपक्षेत्र अध्यक्ष, मंगाऊराम मरकाम, मेघनाथ मरकाम, बृजलाल नेताम अध्यक्ष ग्रामीण समाज, धनराज, संतराम नेताम, मंगिया राम, दुर्योधन नेताम, बसंतराम, राजकुमार, परदेशी राम, शत्रुघन मरकाम, तुलसी राम, मालती बाई, नीरा बाई समेत अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

### हाईस्कूल चटौद में हुई पालक शिक्षक बैठक




**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल चटौद में पालक शिक्षक मेगा बैठक रखी गई। नोडल अधिकारी बीआरसी कुरुद कुलेश्वर सिन्हा ने कहा कि पालकों के सहयोग से स्कूल में शिक्षा व्यवस्था को और भी बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने अपने बच्चों की अच्छे से देखभाल करने कहा। व्याख्याता आभा खरे, प्रियंका शर्मा, कुलेश्वर साहू, समन्वयक रमेश चन्द्राकर, भानु साहू, विश्रुति व्यास ने पालकों को बिंदुवार जानकारी दी। पालक गुलाबराम साहू ने अपने बच्चों के प्रति अच्छे से ध्यान देने की बात की। सरपंच खेमचंद साहू व शिक्षाविद गैन्दू राम ध्रुव ने शाला को बेहतर वातावरण देने की बात कही। प्राचार्य एचआर मरकाम ने परीक्षा में पिछड़ रहे बच्चों के पालकों को बच्चों के प्रति विशेष ध्यान देने को कहा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता संतोष कंवर ने किया। मौके पर ग्राम पटेल डोमार साहू , नोमेंर साहू, घनश्याम साहू, सितेश्वर साहू, टिकेश्वर साहू, रमेश साहू, भोज साहू, दयानन्द वर्मा, प्रतीक तिवारी, धनेश्वरी साहू, सुकृति चन्द्राकर, सरोज, रीना व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### पानी के अभाव में खेत सूखे, पड़ने लगी दरार







**पुरी।** छाती के किसानों ने गंगरेल बांध से पानी छोड़ने की मांग की जिला प्रशासन एवं छग शासन से की है। नरेंद्र साहू, उदयराम साहू, प्रेमानंद साहू, लीलेश्वर साहू, सतीश चंद्राकर, देवलाल साहू, गंगाराम साहू, डोंगेश्वर पटेल ने बताया कि पानी के अभाव में खेत सूख गए हैं। खेतों में दरार आने लगी है, जिसके कारण धान के पौधों का ग्रोथ कम हो गया है। मछलियां मरने लगी हैं। निंदाई, चलाई, दवाई, खाद डालने आदि का कार्य प्रभावित हो गया है। इससे फसल के उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा। किसानों ने शीघ्र ही गंगरेल बांध से पानी छोड़ने की मांग की है।

■ छाती के किसानों ने गंगरेल बांध से पानी छोड़ने की मांग की

### भाइयों ने बहनों की रक्षा का लिया संकल्प



**कोर्रा(भखारा)।** सरस्वती शिशु मंदिर मड़ईभाठा में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया, जिसमें सभी बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और मुंह मीठा करया। भाइयों ने राखी के बंधन में बंधकर अपने बहनों की रक्षा करने का वचन दिया। आचार्यों की कलाई पर सभी दीदी ने राखी बांधी।

### सिलघट के मुक्तिधाम में रोपे गए पौधे



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत सिलघट के मुक्तिधाम में वन विभाग द्वारा फलदार पौधे सहित लगभग 1600 पौधे एक पेड़ मां के नाम पर लगाए गए। मौके पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू, मंडल अध्यक्ष भखारा रवि सिन्हा, जनपद सभापति एवन साहू, जनपद सदस्य डिकेश्वरी, हेमंत देवांगन, रेखा साहू, सरपंच कृष्णा चेतन सोनकर, सोसाइटी अध्यक्ष सेमरा पंकज सिन्हा, उपसरपंच जीवनलाल सिन्हा, पंचगण-मंजु ध्रुव, पुष्पा साहू, टामिन साहू, गीता सिन्हा, नंदनी साहू, सेवती सोनकर, विजय देवांगन, दौलत देवांगन, ग्राम प्रमुख नरेन्द्र साहू, बूथ अध्यक्ष बुधारूराम साहू, हेमा सिन्हा, राजू यादव, कुलेश्वर सिन्हा, बल्लू सिन्हा, जितेन्द्र सिन्हा सहित वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### निधन : नरहर प्रसाद दुबे



**धमतरी।** पोस्ट ऑफिस वार्ड निवासी नरहर प्रसाद दुबे का आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 3 बजे निवास स्थान से शांतिघाट के लिए निकली। वे विद्वत परिषद के सदस्य आलोक दुबे, अज्जू के पिताजी व विंध्यवासिनी माता मंदिर पुजारी संघ के संरक्षक नारायण प्रसाद दुबे के ससुर थे।

## अंचल की खबरें

### पालक शिक्षक बैठक में शिक्षा पर हुई चर्चा





**धमतरी।** माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला बनबगौद में पालक शिक्षक बैठक रखी गई। जिसमें सामुदायिक सहभागिता, छात्र-छात्राओं की शिक्षा गुणवत्ता, बस्तर रहित शनिवार में शैक्षणिक गतिविधि, न्योता भोज तथा आय-जाति प्रमाण, श्रम कार्ड बनाने के लिए पालकों से चर्चा की गई। फरवरी 2024 में जन सहयोग से शाला प्रांगण में सरस्वती मां की मूर्ति की स्थापना की गई है। शाला में निर्मित मंच पर टाइल्स जनसहयोग से लगाया गया। प्रधान पाठक चंदूलाल चंद्राकर के मार्गदर्शन में शिक्षक छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के लिए एक अच्छा माहौल तैयार कर रहे हैं। माध्यमिक शाला बनबगौद के दो विद्यार्थी का चयन प्रयास विद्यालय में हुआ है।

### हाईस्कूल देवपुर में हुई पालक शिक्षक मीटिंग



**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल देवपुर में पालक शिक्षक मीटिंग हुई। इस सम्मेलन में पालकों एवं जनप्रतिनिधि ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम में 47 पालक एवं शिक्षक शामिल हुए। नोडल अधिकारी बीआरसीसी ललित सिन्हा शिक्षा विभाग ने उपस्थिति दी। श्री सिन्हा ने कहा कि शिक्षक, पालकों के बीच बेहतर सामंजस्य है तो निश्चित ही छात्रों को बेहतर भविष्य की ओर आगे ले जा सकते है। प्राचार्य केपी साहू ने कहा कि पालकों को स्कूल में आकर अपने बच्चों की पढ़ाई के बारे में जानकारी शिक्षकों से लेनी चाहिए और अपने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस दौरान विधायक ओंकार साहू ने कम्प्यूटर प्रिंटर, सरपंच देवलाल साहू ने व्हाइट बोर्ड, पूर्व उपसरपंच पन्नालाल साहू ने लेक्चर स्टैण्ड और श्री बालाजी मार्बल धमतरी ने सभी छात्रों को स्वेटर देने की घोषणा की।

### कातलबोड़ स्कूल के स्वयंसेवकों ने यातायात सुरक्षा थीम पर बनाई राखी



**कुरुद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा रक्षाबंधन मनाया गया। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर स्वयंसेविकाओं ने यातायात सुरक्षा थीम पर राखी बनाई एवं सभी स्वयंसेवकों को रक्षा सूत्र बांधा। कार्यक्रम अधिकारी तुकेश्वर साहू ने रक्षाबंधन से जुड़ी पौराणिक कथा एवं महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य अजय कुमार निषाद ने भी अपने विचार रखे। स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी व प्राचार्य को भी रक्षासूत्र बांधा। भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर यातायात सुरक्षा के नियमों को पालन करने का वचन लिया। इस अवसर पर द्रौपदी, जागृति, तारिणी, समीर कुमार, धनेश्वर कुमार, लता, तुलेश्वरी, सोनम पटेल, नेहा, योगिता, मुस्कान साहित 78 स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### नाबालिग बाइकर्स के अभिभावक पर कार्रवाई



- भखारा पुलिस ने हजारों रूपये का काटा चालान स्टंट बाइक भी जब्त

**धमतरी।** भखारा मार्ग में तेज ध्वनि व स्टंटबाजी कर रहे नाबालिग बाइकर्स के अभिभावक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। वहीं स्टंट बाइक को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार भखारा थाना के सामने रायपुर-धमतरी मुख्य मार्ग पर एक नाबालिग बाइकर्स द्वारा बिना नंबर प्लेट के तेज आवाज वाली बजाज एनएस-160, बीएस 3 बाइक से स्टंटबाजी की जा रही थी। पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई कर उक्त स्टंट बाइक को जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया। अभिभावक ने यह जानते हुए कि उसका पुत्र नाबालिग है, उसे बिना ड्राइविंग लायसेंस व बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के वाहन चलाने दिया। उक्त वाहन से तेज ध्वनि व स्टंटबाजी किए जाने से आमजनों की सुरक्षा व शांति भंग हो रही थी। इस कृत्य से मोटरव्हीकल एक्ट की विभिन्न गंभीर धाराओं का उल्लंघन होना पाया गया। भखारा पुलिस ने उक्त धाराओं के तहत वाहन मालिक-अभिभावक के खिलाफ कार्रवाई कर प्रकरण को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्रस्तुत किया। इस मामले में अभिभावक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर हजारों रूपये का चालान काटा गया है।

#### तहसील साहू समाज भखारा ने मनाया हरियाली एवं रक्षाबंधन महोत्सव

# उद्यमिता को अपनाकर आगे बढ़े साहू समाज : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

उद्यमिता को अपनाकर समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। उद्यमिता नए व्यवसाय की स्थापना और विकास की प्रक्रिया है, जो आर्थिक विकास, नवाचार और सामाजिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह न केवल व्यक्तिगत रूप से लाभान्वित करती है, बल्कि पूरे समाज के लिए भी फायदेमंद होती है। उक्त बातें मुख्य अतिथि कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने तहसील साहू समाज भखारा द्वारा आयोजित हरियाली एवं रक्षाबंधन महोत्सव कार्यक्रम में कही।

साहू समाज द्वारा सामाजिक एकता और छत्तीसगढ़ी संस्कृति, कला को बढ़ावा देने के लिए रविवार को कृषि मंडी प्रांगण भखारा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत माता कर्मा की पूजा अर्चना एवं मुख्य अतिथि के हाथों मंडी प्रांगण में पौधरोपण कर किया गया।



स्वागत भाषण तहसील साहू समाज अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने दिया। संचालन कोषाध्यक्ष गणेशराम साहू ने किया। स्वागत एवं अतिथि उद्बोधन के साथ तर्रागोंदी, कोर्रा, डोमा, कोसमर्रा, सेमरा, भखारा परिक्षेत्र साहू समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में हरे रंग की साड़ी पहनी और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान समाज की महिलाओं ने अतिथियों को राखी भी बांधी।

कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि विपिन साहू पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ, दयाराम साहू महामंत्री प्रदेश साहू संघ, मालकराम साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ, लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद, श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरूद, श्रीमती शारदा लोकनाथ साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ राजिम भक्तिन समिति, चम्पालाल साहू रामायणी कातलबोड़, महेन्द्र साहू रामायणी डांडेसरा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर श्रीमती ज्योति हरख जैन अध्यक्ष नपं भखारा, तोरण साहू उपाध्यक्ष जिल्ला साहू संघ, श्रीमती केकती साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ, कंवल साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ नगरी, विष्णु साहू उपाध्यक्ष नपं भखारा बतौर विशिष्ट अतिथि के अलावा सामाजिक पदाधिकारीगण गिरधारी साहू, मीलूराम साहू, नन्दकुमार साहू, भोलाराम साहू, दयालुराम, होमेन्द्र साहू, चोवाराम साहू, राकेश साहू, राजू साहू, छेदन साहू, जितेंद्र साहू, राजू साहू समेत बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित थे।





### आसपास उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करें : अजय

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र में ओबीसी बाहुल्य वाला साहू समाज संख्या बल में आगे है किंतु उद्यमिता के मामले में पीछे है। कुरुद विधानसभा में शिक्षा, स्वास्थ्य व सड़क विकास की दिशा में जो कार्य हुए हैं वह छत्तीसगढ़ में अन्य जगह देखने को नहीं मिलेगा बावजूद लोग आगे कदम बढ़ाने में पीछे हैं। उन्होंने बताया कि शासन से हर समाज के लिए मांग व बिना मांग के भवन दिये पर उपयोगिता शून्य है। जब तक आप अपने आसपास उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं करेंगे, तरक्की नही दिखेगी।

### दलगत राजनीति से परे समाज हित को दें प्राथमिकता : चंदूलाल

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व सांसद एवं राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंदूलाल ने कहा कि कोई भी कार्यक्रम केवल भीड़ जुटा लेने या अच्छे अच्छे भाषण दे देने से पूरा नहीं हो जाता बल्कि इसकी सार्थकता तभी है जब कार्यक्रम के उद्देश्य को जाने। उन्होंने हरियाली एवं रक्षाबंधन पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सदैव एक सूत्र में बंधकर समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करना ही असली रक्षाबंधन है। साथ ही हरियाली उत्सव मनाना तभी सफल होगा जब हम हर साल किसी न किसी के नाम से एक पेड़ जरूर लगाएं। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाज हित को प्राथमिकता देने की बात कहते हुए समाज के गरीब तबके के बच्चों की उच्च स्तरीय पढ़ाई में मदद करने का आव्हान किया ताकि कल वही बच्चा अगर कलेक्टर, एसपी या डॉक्टर बने तो गर्व से हमारा समाज का सीना तन सके।

## जिले की सोसाइटी में डीएपी, यूरिया की किल्लत

- किसान यूनियन के सदस्यों ने सीएम को तत्काल खाद उपलब्ध कराने मांग पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ किसान यूनियन जिला धमतरी एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। किसान यूनियन जिला धमतरी ने जिले की सोसाइटी में डीएपी, यूरिया की किल्लत को लेकर मांग पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री को बताया कि अधिकांश जिलों की सोसाइटी, किसान राइस मिल में यूरिया, डीएपी की भारी किल्लत हो रही है और इसके बिना खेती करना असंभव है लेकिन यही यूरिया, डीएपी व्यापारियों के गोदाम और दुकानों में भरा पड़ा है। किसान राइस मिल में भी खाद की व्यवस्था नहीं है जो किसान सहकारी समिति का सदस्य नहीं है, वह किसान किसान राइस मिलों में सरकारी कीमत पर खाद खरीदते हैं लेकिन वहां पर भी किसानों को निराशा हाथ लौटना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है । आगे बताया कि डुबान क्षेत्रवासी समूह के माध्यम से गंगरेल बांध में मछली निकालकर जीवनयापन करते हैं। जलाशय को किसी व्यवसायी को लीज पर दे दिया गया है। उसे निरस्त करने की मांग की। पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की। सीएम विष्णुदेव साय ने मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया। मौके पर लीलाराम छग किसान यूनियन प्रदेश संयोजक, किसान यूनियन जिला अध्यक्ष घनाराम साहू, हेम शंकर, जेठमल साहू, पिंटू सिन्हा, दिलीप साहू, रामनिहोरा निषाद, प्रीतम साहू, तुषार साहू, दीनदयाल साहू, रामप्रसाद, भुवन सिन्हा, अंशुल, परमानंद, जितेंद्र मौजूद थे।



## पालक-शिक्षक बैठक में बच्चों की प्रगति व सुरक्षा पर दिया जोर

- अभिभावकों ने बच्चों के भविष्य को लेकर जताई प्रतिबद्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शाउमावि भेंडरा में पालक-शिक्षक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य टीआर साहू ने की। नोडल अधिकारी संतोष विश्वकर्मा सीएमओ भखारा थे। विशेष अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष यमाकांत साहू एवं श्रीमती कृष्णा साहू थे। अन्य अतिथि यूके बनपेला तथा संजय सेन थे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शिक्षा, अनुशासन, व्यवहार एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा। इसमें बच्चा ने आज क्या सीखा, बच्चों को बेझिझक अपनी बात रखने की कला, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, छात्रवृत्ति तथा अन्य सरकारी योजनाएं की संबंधी जानकारी, शैक्षणिक प्रगति एवं वार्षिक-आंतरिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा जैसे विषयों पर चर्चा हुई। शिक्षिकाओं के माध्यम से पाक्सो एक्ट 2012 के महत्व एवं बच्चों की सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों पर जानकारी दी।

बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। पालकों को प्रोत्साहित किया गया कि वे घर पर बच्चों की पढ़ाई की नियमित निगरानी करें और उन्हें विद्यालय के कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करें। शिक्षकों ने यह भी बताया कि बच्चों की सफलता में अभिभावकों और शिक्षकों के बीच आपसी संवाद और सहयोग आवश्यक है। विद्यार्थियों ने भी अपने विचार और अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक पारसमणि साहू तथा आभार व्यक्त प्राचार्य टीआर साहू ने किया।



## बांसपानी मार्ग पर जानलेवा गड्ढे





- प्रशासन की लापरवाही से दुर्घटना का खतरा बढ़ा 1 से 2 फीट गड्ढे हो चुके हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम नगरी बासंपानी से कांकेर जाने वाले मुख्य मार्ग की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। सड़क पर 1 से 2 फीट गहरे और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। नगरी सीमा पार कांकेर जिले के मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे हो गए। 4 किलो मीटर सड़क में किसी भी समय गंभीर दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभाग ने अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया। सड़क की खतरनाक स्थिति से दोपहिया और चौपहिया वाहन चालकों को रोजाना जोखिम उठाना पड़ रहा है। बरसात में ये गड्ढे और भी खतरनाक हो जाते हैं, जिससे जान-माल की हानि का खतरा बढ़ जाता है। स्कूली छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डालकर चलने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे मजबूर होकर आंदोलन करेंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ ने कहा कि पेंच रिपेयरिंग के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है और जल्द ही सभी गड्ढे की रिपेयरिंग कर दी जाएगी।

## भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाया



- बोलबम कांवरिया कल्याण संघ का आयोजन
- शिव महापुराण महाकथा के समापन पर धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सावन के पवित्र माह में बोलबम कांवरिया संघ द्वारा श्री बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में एक माह के लिए शिव महापुराण महाकथा का आयोजन किया गया था। समापन पर शुक्रवार को शाम 6 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शनिवार को मंदिर परिसर में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। भगवान को खीर पूड़ी, चावल, दाल, सब्जी, मिठाई का भोग लगाकर भक्तों को वितरण किया गया। भंडारे में महापौर रामू रोहरा ने भी शिरकत की। भोले भंडारी की पूजा-अर्चना कर भक्तों को प्रसादी वितरण किया एवं जमीन पर बैठकर भक्तों के साथ प्रसाद प्राप्त किया। श्री रोहरा ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि समिति पिछले 34 वर्षों से इस तरह का धार्मिक आयोजन करते आ रही है। वह अनुकरणीय है। इस अवसर पर अखिलेश सोनकर, पिंटू यादव, विभा चंद्राकर, तल्लीनपुरी गोस्वामी, संतोष सोनकर, चंद्रभागा साहू, ईश्वर सोनकर, शैलेंद्र रजक, दाउ कृष्णकुमार, चुनेश्वर, तीरथ फूटान, गौतम वाधवानी, गोपाल कौशिक, सूरेंद्र गुप्ता, घनश्याम सोनी सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

## सेजेस कंडेल में हुआ मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में प्रथम मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन पीटीएम प्रभारी नोडल अधिकारी नकुल वर्मा उपसंचालक जिला पंचायत के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अतिथि सरपंच गिरधर सार्वा, नारायण साहू, रामाधार साहू थे। बैठक का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय एवं पालक के बीच बेहतर समय स्थापित करने बच्चों की गतिविधियों से पालक शिक्षक दोनों को अवगत कराना है। शिक्षक एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से सकारात्मक माहौल निर्माण करना है। जिला नोडल अधिकारी नकुल वर्मा ने कहा कि छात्रों को पालक प्रोत्साहित करें और उनकी उचित आवश्यकताओं को पूरा कर घर में बच्चों की पढ़ाई पर नजर रखें। रविशदास ने बच्चों को बुरी संगत से दूर रखने के लिए पालकों से अपील की। प्राचार्य राहुल नेताम न नशामुक्त के लिए प्रयास करने तथा सामुदायिक सहभागिता के लिए सभी पालकों से अपील की। मासिक परीक्षा में कक्षा 10वीं में प्रथम हिमांतकी, द्वितीय इशारानी, तृतीय तेजस्विनी, 12वीं में प्रथम दीपांशु कामर्स, द्वितीय किरण साहू, तृतीय पलक को नोडल अधिकारी ने पुरस्कार दिया। इस अवसर पर एसके यादव, एसके साहू, सीएल धीवर, हेमलता सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

#### सुखराम नागे कॉलेज में एआई एवं चैट जीपीटी पर एक दिवसीय कार्यशाला

## चैट जीपीटी एक एआई आधारित चैटबॉट है, जो इंसानों की तरह बातचीत करने में सक्षम है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन, प्रो. कौशल नायक के संयोजन एवं प्रो. लोकेश्वरी राठिया के सहसंयोजन में वनस्पति विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में एआई एवं चैट जीपीटी विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। अतिथि वक्ता अर्जुन सिंह सहा. प्रा. वनस्पतिविज्ञान शासकीय महाविद्यालय जैजैपुर तथा उमेश सिकरवारे थे। इस ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला में बिहार, उत्तरप्रदेश, गुजरात, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, केरला सहित 12 राज्यों के लगभग 300 प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें देशभर के 30 से अधिक विश्वविद्यालय से लोग जुड़े रहे। प्रतिभागियों में अनेक



प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, रिसर्च स्कॉलर एवं छात्र सम्मिलित थे। प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने प्रतिभागियों एवं अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया।

वर्तमान परिदृश्य में एआई अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मोबाइल उपकरणों और इंटरनेट के माध्यम से हमारे दैनिक जीवन में प्रवेश कर चुकी है। हेल्थकेयर, ऑटोमोबाइल, उद्योग, स्पेस इंजीनियरिंग, सुरक्षा प्रणाली हर जगह कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग हो रहा है, जिससे शिक्षा जगत भी अछूता नहीं है। चैट जीपीटी एक एआई आधारित चैटबॉट है, जो इंसानों की तरह बातचीत करने में सक्षम है तथा विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान करता है, जिसमें लेख लिखना, अनुवाद करना, कोडिंग जैसे सुविधा भी उपलब्ध है, जो शिक्षा तथा रिसर्च के क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी आईसीटी के प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।

अतिथि वक्ता अर्जुन सिंह ने चैट जीपीटी के उपयोग, कार्यप्रणाली तथा इसकी लिमिटेशन की जानकारी दी। द्वितीय वक्ता उमेश सिकरवारे ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न पहलुओं के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी प्रदान की। संयोजक प्रो. कौशल नायक ने महत्वपूर्ण बिंदुओं से परिचय कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. लोकेश्वरी राठिया तथा आभार प्रदर्शन नेहा राजन ने किया। इस आयोजन में टेक्निकल टीम से सौरभ पाण्डेय, सुश्री सीता नेताम तथा एमएससी वनस्पति विज्ञान के छात्रों का योगदान रहा। कार्यशाला में भाग लेने वाले छात्रों एवं फैकल्टी से फीडबैक लिया गया तथा उन्हें ई-सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। मौके पर डॉ. रमेश कुमार देवांगन, प्रो. राजाराम मेहरा, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. लालमन बेरवंश, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, डॉ. दीपा देवांगन, डॉ. कविता, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, डॉ. संध्या रजनी मिश्रा, श्रीमती उर्वशी साहू, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, प्रमोद चौरे, सुश्री डिलेश्वरी पटेल, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, मनोज बारले, अब्बास मेमन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संबलपुर स्कूल में हुई ताइक्वांडो चयन प्रतियोगिता

- चयनित खिलाड़ी 11 को बलौदाबाजार में आयोजित क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला स्तरीय ताइक्वांडो चयन प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर में किया गया, जिसमें अंडर 14 , 17, 19 वर्ग के बालक बालिकाओं की ताईक्वांडो चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई। धमतरी विकासखंड के शाउमा संबलपुर, शिवसिंह वर्मा आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी, सर्वोदय स्कूल, बिरेतरा स्कूल तथा पीएमश्री बठेना, विकासखंड कुरूद के शा.उ.मा. विद्यालय थूहा, सिलौटी, कातलबोड़ स्कूल के बालक बालिकाओं ने भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अंडर14 बालक वर्ग में 32 केजी तीरथ ध्रुव संबलपुर, 38 केजी खेमराज निषाद, अंडर 17 वर्ष बालक वर्ग में 38 केजी दुष्यंत कुमार संबलपुर, 41 केजी मानव साहू, 45 केजी में चांद कुमार कातलबोड़, 48 किलोग्राम में गुलशन साहू संबलपुर, 55 केजी में सायमन थुहा - 78 किलोग्राम मेंशशांक कुमार थुहा, बालक वर्ग के 19 वर्ष में 45 किग्रा में रुद्र रामटेके पीएम श्री बठेना, 48 किलोग्राम में कौशल मांडवी शिव सिंह वर्मा धमतरी, प्लस 78 किलोग्राम निहाल सिंह सर्वोदय इंग्लिश स्कूल धमतरी, अंडर 14 बालिका वर्ग में प्लस 38 किलोग्राम वेदिका कोसले थूहा, 44 किलोग्राम भावना विश्वकर्मा संबलपुर, 49 किलोग्राम मानसी जोशी थूहा, 63 किलोग्राम वर्षा साहू बिरेतरा तथा अंडर-19आयु बालिका वर्ग में 40 किलोग्राम में भावना यादव बिरेतरा, 42 किलोग्राम में खुशबू सिलौटी, 49 किलोग्राम में खुशी थुहा, 63 किलोग्राम सेवती साहू संबलपुर, 68 किग्रा में सती गंगेले संबलपुर आदि का चयन हुआ है। ये खिलाड़ी 11 अगस्त को क्षेत्रीय प्रतियोगिता में एम.डी व्ही. सेजेस बलौदा बाजार में भाग लेंगे।





## खबर संक्षेप

### हाटकर्रा स्काउट गाइड्स ने जवानों को बांधी राखी

**भानुप्रतापपुर।** जिले के सुदूर वनांचल में स्थित शाउमावि हाटकर्रा के गाइड छात्राओं के द्वारा वनांचल पहाड़ी में स्थित सीएएफ कैम्प में जाकर वीर सैनिक भाईयों को राखी बांध सैनिकों के प्रति सम्मान, एक प्रेम और कृतज्ञता का संदेश दिए। स्काउट गाइड रोवर रेंजर के बच्चों के द्वारा सशस्त्र सीमा बल के सैनिक भाइयों को बहनों की कमी को पूरा करते हुए भारत स्काउट गाइड द्वारा एक राखी सैनिक भाई के नाम के तहत स्काउट गाइड के छात्राओं द्वारा राखी बांध कर रक्षा बंधन का त्यौहार कैंप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### कोरर भाजपा मंडल की बहनों ने जवानों को बांधी राखी

**कोरर।** महिला मोर्चा की बहनों ने पुलिस थाना कोरर पहुंचकर थाना स्टाफ के सिपाही भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। रक्षाबंधन का पर्व उन भाईयों को राखी बांधकर मनाया जाता है जो अपने दायित्व को निभाते हुए अपने घर नही जा पाते। इस अवसर पर महिला मोर्चा से संतोषी ठाकुर, भारती कोर्राम , मनीषा कुलदीप, मिथिलेश्वरी सहित भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप, मंडल महामंत्री नरेंद्र शर्मा, सेवक राम गावडे, मोहन कुंभकार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 16 से

**भानुप्रतापपुर।** मॉर्निंग क्रिकेट क्लब भानुप्रतापपुर के तत्वाधान में पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता स्थान फॉरेस्ट खेल मैदान भानुप्रतापपुर में 16 अगस्त से अयोजित करवाया जा रहा है। क्रिकेट स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 21000 और ट्राफी, दूसरा पुरस्कार 11000 और ट्राफी तथा तीसरा पुरस्कार 5000 और ट्राफी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा समिति के द्वारा प्रत्येक मैच में आकर्षक पुरुस्कार दिया जाएगा। आयोजन की तैयारी में सभी समिति के सदस्य जुटे है।

### ब्रम्हाकुमारी बहनों ने पेंशनरों को रक्षासूत्र बांधा

**नगरी।** रक्षाबंधन पर्व पर पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी में ब्रम्हाकुमारी बहनों ने पेंशनरों को राखी बांधी और उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने आध्यात्मिक जीवन शैली अपनाकर अपने शेष जीवन को ईश्वर और सत्कार्यों में लगाकर जीवन को सार्थक बनाने की बात कही। बहनों ने अपने केंद्र से लाए गए मिष्ठान और लघु साहित्य का वितरण भी किया। इस अवसर पर वरिष्ठ संरक्षक केएस श्रीमाली, वर्तमान संरक्षक एएल बनपेला, केके एस परिहार, रमेश सार्वा, बीएस सुरेशा, एलएन दीक्षित, एसआर सिन्हा, केएल सिन्हा, पीआर चंद्रवंशी, सी. साहू, एस. वर्मा, शकुन कश्यप, डीएस ध्रुव, एसके नाग, एसपी ग्वाले, आरएल साहू उपस्थित थे। यह जानकारी एसपी ग्वाले ने दी।

जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी की अध्यक्षता में विभागीय कार्यों की हुई समीक्षा

# सामान्य सभा की बैठक में बोरझरा गातापार मार्ग की जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



जनपद पंचायत कुरूद की सामान्य सभा की बैठक अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू की अध्यक्षता में हुई। विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधियों ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

शुक्रवार को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में हुई समान्य सभा की बैठक में विभागवार चर्चा कर जानकारी ली गई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुए सदस्यों ने सिहाद-देवरी मार्ग किनारे मुरूम बिछाने, गातापार से बोरझरा मार्ग की जांच, बंगोली से थूहा रोड की मरम्मत करने विभाग प्रमुख को निर्देशित किया। सिंचाई विभाग से 15 अगस्त के बाद नहर से पानी छोड़ने की जानकारी मिलने पर नहर नालियों की सफाई करने के निर्देश दिए गए। मत्स्य अधिकारी सुमन चन्द्राकर ने ग्राम कुर्रा समिति को 3 लाख रूपये अनुदान दिये जाने एवं सभी पंजीकृत समितियों का बीमा करने, एक हेक्टेयर के निजी तालाब में 3 लाख रूपये अनुदान की जानकारी दी गई।

बैठक में अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन, सभापति सिंधु बैस, चन्द्रशेखर साहू, आनंद यदु, महेश ध्रुव, शकुंतला देवांगन, एवन साहू, सदस्य रेखा साहू, डिकेश्वरी देवांगन रूमान सिंह कुर्रे, कुलेश्वरी साहू, टेकराम साहू, दिलीप चक्रधारी, मनीषा साहू, उर्वशी बांधेकर, हिमांशु साहू, अनुराग साहू, ललिता भतपहरी, गंगा साहू, चित्ररेखा ध्रुव, ठाकुरराम साहू, लिली श्रीवास, सीईओ अमित सेन, जयप्रकाश साहू, निलेश टण्डन, बीडी दीवान, हितेन्द्र विनायक, सुनीता टंडन, रूपेश वर्मा, डॉ भूपेन्द्र एवं अर्चना मण्डावी उपस्थित थे। बैठक के बाद सभी ने रक्षाबंधन का पर्व मनाया।

#### बिजली कटौती का पूछा गया कारण

स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों व सर्पदंश के इलाज के लिए जरुरी दवाइयों का स्टाक रखने कहा गया। बीपीएम रोहित पाण्डेय ने आयरन, कैल्शियम की कमी बताई। अध्यक्ष ने उच्च विभाग से दवा मंगाने एवं जन जागरूकता शिविर लगाने, मितानिनों को सभी दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को अरहर बीज वितरण, फसल बीमा, किसान सम्मान निधि आदि की जानकारी लेकर खाद की उपलब्धता पर नज़र रखने कहा गया। विद्युत विभाग से भखारा क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती का कारण पूछा गया। अगली बैठक में कनिष्ठ यंत्री भखारा को बुलाने निर्देशित किया गया।

#### दावा आपत्ति के बाद अंतिम सूची होगी प्रकाशित

लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी आरके शुक्ला ने विभाग द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी सरिता कुशवाहा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका भर्ती की दावा आपत्ति के बाद अंतिम सूची जारी करने एवं 16 अगस्त को मंदरौद, सिर्री, कोर्रा, सेमरा, भखारा, अंवरी, मरौद, जीजामगांव, नारी में आयुष शिविर के आयोजन की जानकारी पटल पर प्रस्तुत की गई। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अनुविभागीय अधिकारी विनोद देवान ने विभाग अंतर्गत पूर्ण अपूर्ण प्रगतिरत निर्माण कार्यों की जानकारी दी। उद्यानिकी विभाग प्रमुख ने भी अपने कार्यों की की सिलसिलेवार जानकारी दी।

## स्वयंसेवकों ने पौधों को रक्षासूत्र बांधकर लिया सुरक्षा का संकल्प




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रक्षाबंधन पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली की इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा व्याख्याता आकाशगिरी गोस्वामी के संयोजन में पर्यावरण सरंक्षण की अनूठी पहल की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पूर्व में रोपित पौधों को रक्षासूत्र बांधकर स्वयंसेवकों ने उनके संरक्षण, संवर्धन, देखभाल एवं रक्षा का संकल्प लिया। विद्यालय के प्राचार्य टीआर नागवंशी ने स्वयंसेवकों के कार्य की प्रशंसा करते हुए सेवा कार्य हेतु प्रेरित किया। रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. बीएल चंद्राकर, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पौधों की देखभाल करने और अन्य लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

### आंगनबाड़ी में बच्चों का हुआ अन्नप्राशन

**डांडेसरा(धमतरी)।** नर्सरी पारा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में ग्राम पंचायत डांडेसरा द्वारा बर्तन सामग्री प्रदान की गई। इस दौरान नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। अन्नप्राशन के साथ स्तनपान दिवस भी मनाया गया।

## शहर में गुरू गोरखनाथ की शोभायात्रा निकली

- आशीर्वाद लेने भक्तों की भीड़ उमड़ी, श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा धमतरी द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आठ दिवसीय कार्यक्रम में कई आयोजन हुए।

10 अगस्त रविवार को मंदिर परिसर गणेश चौक से रात्रि में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भक्तों ने दर्शन लाभ लेने कतारबद्ध इंतजार किया। बाबा की छड़ी के सहारे लोगों ने आशीर्वाद लिया। कई भक्त मनोकामना करते हैं जिसकी पूर्ति पश्चात प्रसाद चढ़ाते हैं। शोभायात्रा सदरबाजार, इतवारी बाजार, कचहरी चौक होते हुए वापस वाल्मीकि मंदिर गणेश चौक में विसर्जित हुई। इस अवसर पर समाज की महिलाएं, पुरूष, बच्चे शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से तिलक चौहान, दीपक वाल्मीकि, सुरेन्द्र महारौलिया, अविनाश मरोठे, नरेन्द्र चौहान, पवन कछवाहा, लक्ष्मीनारायण वाल्मीकि, योगेश सारसर, राजकुमार वाल्मीकि, सुदेश सारसर, विक्की वाल्मीकि, शीतल बघेल, प्रदीप नाग, श्याम चौहान, जितेन्द्र वाल्मीकि, सुनील संकल, अर्जुन वाल्मीकि आदि मौजूद थे।

## रक्षाबंधन के दिन मेघा एनीकट में 300 मीटर लंबी लाइन लगी

- धूप में एक घंटा जाम में राहगीर फंसे रहे, हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

करोड़ों रुपए की लागत से मेघा महानदी पुल निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। विभाग द्वारा बनाए गए रेतयुक्त रपटे ने सीजन की पहली बरसात में दम तोड़ दिया है। लोगों को अभी सिंचाई विभाग द्वारा बनाया गया संकरा एनीकट से पार होना पड़ रहा है। शनिवार को रक्षाबंधन के दिन मेघा एनीकट में लगभग 300 मीटर लंबी लाइन थी। एक घंटे जाम में राहगीर फंसे रहे।

एनीकट की चौड़ाई लगभग 8 फिट ही है। दो मोटरसाइकिल मुश्किल से एक साथ पार होती है। कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों ने एक एक बाइक को निकालकर रास्ता साफ किया। मोटर साइकिल की आवाजाही से एनीकट का आधे से अधिक हिस्सा जाम हो गया था। राहगीरों को धूप में जाम की स्थिति का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात अब कम हो गई है। वैकल्पिक मार्ग बनाते तो रास्ता आसान हो जाता।

ठेकेदार, एसडीएम और तहसील अधिकारी रोज इस समस्या को देखते हैं। लेकिन समस्या का निदान करने की बजाय इसे नजरअंदाज कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन की इस उदासीनता से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस की उपस्थिति में व्यवस्था नियंत्रण में रही।



## प्रकृति की सुंदरता के लिए वृक्षों का होना अति आवश्यक

- पर्यावरण संरक्षण गतिविधि ने पहले वृक्षबंधन फिर रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा पहले वृक्षबंधन फिर रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन रक्षाबंधन उत्सव के दिन किया गया। पेड़ पौधे इस धरती पर साक्षात भगवान शिव के अवतार हैं जिस तरह भगवान शिव ने हलाहल विष पीकर सृष्टि की रक्षा की वैसे ही पेड़ पौधे प्रदूषण रुपी विष पीकर हमें प्राण वायु के रूप में ऑक्सीजन देकर हमारे प्राणों की रक्षा करते हैं। हम सबका दायित्व बनता है कि हम सब प्रकृति से प्यार करें और इसकी रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहे। प्रकृति की सुंदरता के लिए वृक्षों का होना आवश्यक है। प्राचीन समय में वृक्षों को देवी देवता का वास मानकर कर पूजा जाता था। पौधों को राखी बांधने की परंपरा केवल एक प्रतीकात्मक क्रिया नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भावनात्मक प्रदर्शन है। जब हम एक पौधे को राखी बांधते हैं तो हम उसकी सुरक्षा और देखभाल का संकल्प लेते हैं। आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ एवं रोग मुक्त पर्यावरण देने पौधरोपण के साथ-साथ उनका संरक्षण आवश्यक है। कार्यक्रम में धमतरी नगर के विभिन्न स्थानों, कुरूद खंड, मगरलोड खंड एवं नगरी खंड के विभिन्न ग्रामों के लोगों ने भाग लिया।

## ज्ञान अमृत स्कूल में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया

**धमतरी।** ज्ञान अमृत इंग्लिश स्कूल धमतरी में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। छात्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों की अच्छी सेहत, शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ रक्षासूत्र बांधा । इस अवसर पर विद्यालय में राखी बनाओ, चित्रकला प्रतियोगिता हुई। राखी बनाओ प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर प्रथम भारती नन्नावरे, द्वितीय नागेश्वर देवांगन, तृतीय लीना देवांगन, माध्यमिक स्तर पर प्रथम ट्विंक्कल देवांगन, द्वितीय निष्ठा ढीमर, तृतीय डिम्पी सपहा रही। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम जयंत पटेल, द्वितीय खेमराज कुम्भकार, तृतीय मोईन रिजवी ने स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि रक्षाबंधन एकता, विश्वास और प्रेम का संदेश देता है। रक्षाबंधन हिन्दुओं का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है जो भाई-बहन के बीच के अनूठे बंधन का सम्मान करता है।

